हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 15 मार्च 2024, समय 1305 (5 मिनट))

देश में पेट्रोल और डीजल दो रुपये प्रति लीटर सस्ता हो गया है। नई दरें आज सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं की व्यय क्षमता बढ़ेगी तथा डीजल से चलने वाले 58 लाख भारी वाहन, छह करोड़ कारें और 27 करोड़ दोपहिया वाहनों का परिचालन व्यय कम होगा।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी देशवासियों के हित के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता दर्शाती है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें कम करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है।

श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में पेट्रोल की कीमत लगभग 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 17 रुपये प्रति लीटर कम हुई है। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

....

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने देश में कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में विभिन्न रणनीतिक पहलों की श्रृंखला शुरू की। इस अवसर पर मुख्य रूप से खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, श्रम विभाग, आईआईटी मंडी और भारतीय रत्न एवं आभूषण संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों के बीच 19 समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इस मौके पर चार अत्याधुनिक डिजीटल पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए।

कार्यक्रम में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तेजी से बदल रहे वैश्विक परिदृश्य में कौशल विकास की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने जन-भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए रीस्किलिंग और अपस्किलिंग के माध्यम से निरंतर कौशल वृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया।

....

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नया निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है।

विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि श्री अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने और श्री अरुण गोयल के त्यागपत्र के बाद दोनों निर्वाचन आयुक्तों के पद रिक्त थे।

....

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉड से संबंधित डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में इस महीने की 12 तारीख को चुनावी बॉड डेटा निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराया था। यह डेटा वेबसाईट www.eci.gov.in/candidate-politicalparty पर उपलब्ध है।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने हमेशा स्पष्टता एवं पारदर्शिता को महत्व दिया है।

....

बड़खल से विधायक श्रीमति सीमा त्रिखा ने कल बड़खल के एसजीएम नगर और सेक्टर 48 में 99 लाख रूपये के विकास कार्यों की अधारशिला रखी।

इस अवसर पर लोगों कों संबोधित करते हुए श्रीमती त्रिखा ने कहा कि सभी विकास कार्य आगामी 3 माह में पूरे करवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गत साढ़े नौ वर्षों में बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कंक्रीट की सड़कों, सीवरेज, पेयजल आपूर्ति और बिजली सहित मूलभूत सुविधायें मिली है।

केंद्र व राज्य सरकार ने विधानसभा क्षेत्र का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एशिया की प्रमुख झील बड़खल झील का कायाकल्प किया गया है।

....

सोनीपत के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र योजना के तहत जिले में होने वाले लगभग 42 विकास कार्यो का कल उदघाटन एवं शिलान्यास किया इन सभी विकास योजनाओं व परियोजनाओं पर एक करोड़ 93 लाख 73 हजार रूपए की राशि खर्च होगी।

....

कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेट करने की समय सीमा आगामी 14 जून तक बढ़ा दी है।

जिला के सभी लोग आठ से दस साल पहले बने अपने आधार कार्ड को निर्धारित दिन तक प्राधिकरण के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। आधार कार्ड ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

....

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इस महीने की 18 व 19 तारीख को कृषि मेले का आयोजन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' रखा गया है। मेले में किसानों को ड्रोन के उपयोग बारे भी जानकारी दी जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों, उनकी कार्य प्रणाली व कीमतों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

प्रवक्ता ने बताया कि कृषि मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायो खाद के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे।

....